# मवाना मैराथन के विजेता को मिलेंगे ढाई लाख

**नई दिल्ली।** मवाना शूगर इंडियन ओपन मैराथन आगामी 17 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इंडिया गेट से शुरू होकर यहीं पर समाप्त होने वाली इस दौड़ में बारह हजार धावकों के भाग लेने उम्मीद है। मवाना शूगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ श्रीराम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस दौड़ के पुरुष व महिला दोनों वर्ग के विजेता को बराबर ढाई-ढाई लाख रुपए इनाम के तौर पर दिया जाएगा, जबकि दूसरे स्थान पर आने वाले धावक को एक-एक लाख और तीसरे स्थान पर रहने वाले को पचास हजार दिया जाएगा। इसी तरह पहले बीस धावकों के लिए इनाम रखा गया है।